शिक्षक दिवस,विनोबा जयंती पर प्रतियोगिताओं का आयोजन गुरुवार से

वर्धा, दि. 04 सितंबर 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस एवं विनोबा भावे की 125वीं जयंती के अवसर पर 5,6 और 9 सितंबर को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 05 सितंबर को प्रात: 9.30 से 10.30 को स्नातक एवं परास्नातक स्तर की निबंध प्रतियोगिता, 6 सितंबर को सायं 3.30 से 5.30 बजे वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 'क्या विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया का प्रयोग शिक्षण में बाधक है?' विषय पर तथा परास्नातक विद्यार्थियों को लिए 'क्या व्यावसायिक शिक्षा बेरोजगारी दूर करती है?' विषय पर यह प्रतियोगिता होगी। विनोबा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 9 सितंबर को सायं 3.30 से 5.30 के बीच होगी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भारतीय विचारकों जैसे विनोबा भावे, महात्मा गांधी, विवेकानंद, मदन मोहन मालवीय, रवींद्रनाथ टैगोर, बाबासाहब अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय से जुड़े प्रश्नों के साथ भारतीय इतिहास, सामान्य ज्ञान, संविधान और समसामयिक घटनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। सभी प्रतियोगिताएं श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन के कस्तूरबा सभागार में होंगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने की अपील शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता एवं महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो.मनोज कुमार तथा कार्यक्रम समन्वयक ऋषभ कुमार मिश्र ने की है।